राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
■ देहरादून ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ वाराणसी से प्रकाशित
देहरादून
बृहस्पतिवार ● 4 फरवरी ● 2021
पृष्ठ 14, वर्ष-14, अंक 4801, मूल्य ₹ 3.00

कृषि की आधुनिक तकनीकी के बारे दी जानकारी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

उत्तरकाशी। नेशनल मिशन फार सस्टेनेबल एग्रीकल्चर में स्वीकृत मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनान्तर्गत विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के ग्राम इंदिरा टिपरी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषकों को मृदा स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।

कृषि विभाग की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ के विशेषज्ञों ने मृदा स्वास्थ्य, पोषक तत्व प्रबंधन, संतुलित उर्वरक प्रयोग, एफपीओ के गठन एवं प्राकृतिक खेती जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ज्येष्ठ प्रमुख कुलदीप राणा ने कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यों की सराहना की। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डा. पंकज नौटियाल ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य, मिट्टी की जांच के फायदे एवं उपयोग के बारे में जानकारी दी।

केंद्र के कृषि प्रसार विशेषज्ञ डा.गौरव पपनै ने कृषकों को समूह में कार्य करने और कृषक उत्पादक संगठन के गठन के साथ ही नवीनतम कृषि प्रणालियों के बारे में बताया। विशेषज्ञ वरुण सुप्याल ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य के पोषक तत्व प्रबंधन, मृदा नमूने लेने के तरीके, मृदा का पौधों के लिए महत्व, प्राकृतिक खेती जैसे विषयों पर जानकारी दी। कृषि विभाग के लाल सिंह ने कृषकों को वर्मी बेड बनाने, जैविक खादों का अधिक से अधिक प्रयोग करने, विभाग में उपलब्ध जैविक खादों के बारे में बताया।

इस मौके पर कृषक विज्ञान संवाद का आयोजन भी हुआ जिसमें विशेषज्ञों ने काश्तकारों के सम्मुख आ रही समस्याओं को जाना और उनके निराकरण के बारे में सुझाव साझा किए। कार्यक्रम में आकाश कुमार, सोदान सिंह, नत्थन सिंह वर्मा, रीतिका भास्कर आदि थे।

डीबीसी1500 किसानों को दस करोड़ रुपए का ऋण देगा : रावत

उत्तरकाशी/एसएनबी। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत ने कहा कि जिला सहकारी बैंक दीन दयाल कृषि कल्याण योजना के तहत शून्य ब्याज दर पर किसानों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के तहत बैंक ने 1500 लाभार्थियों को 10 करोड़ रुपये का ऋण दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है अभी तक 850 किसानों को को लाभान्वित करने के लिए 63667000 रुपए के चेक बना दिए गए हैं।

बुधवार को जिला सहकारी बैंक मुख्यालय में डीसीबी के अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से पलायन को रोकने, रोजगार के नए साधन सृजन करने तथा किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से दीन दयाल कृषि कल्याण योजना शुरू की है। इस योजना के तहत सरकार की ओर से 95 ब्लॉकों के 30 हजार किसानों को शून्य ब्याज दर पर अल्पकालीन एवं मध्यकालीन ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि योजना का शुभारंभ आगामी 6 फरवरी को सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत करेंगे। इस मौके पर आमंत्रित अतिथियों के माध्यम से किसानों एवं महिला समूह को ब्लॉक स्तर पर चेक वितरित किए जायेंगे। इस दौरान उन्होंने एनपीए वसूली पर नाराजगी व्यक्त की और बैंक वसूली में तेजी लाने के लिए बैंक अधिकारी, कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश चौहान, महामंत्री हरीश डंगवाल, बैंक सचिव व प्रबंधक सुरेश नपच्याल, बैंक निदेशक विजय गुसाईं, वरिष्ठ शखा प्रबंधक राजेश सिंह महर, ज्ञानेन्द्र परमार आदि रहे।